अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई, जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

Email- pandataraigovtcollege3@gmail.com, Mo- 7987513646

दिनांक 14/09/2022

प्रतिवेदन

आज दिनांक 14 सितंबर 2022 को अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पांण्डातराई, जिला–कबीरधाम (छत्तीसगढ़) में हिंदी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ.डी.पी. चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता श्री लव कुमार वर्मा ने किया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्यातागण ,कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम हिंदी के महत्व विषय पर डॉ.डी.पी. चंद्रवंशी (विभागाध्यक्ष हिंदी) ने अपना विचार रखा और हिंदी को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। छात्र–छात्राओं के मध्य हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अविनाश कुमार लाल के संदेश को पढ़कर सुनाया गया।तत्पश्चात अतिथि व्याख्याता बुद्धदेव ने हिंदी के संबंध में संविधान की मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं में हिंदी और विश्व में हिंदी की उपयोगिता विषय पर अपना विचार रखा साथ ही साथ अतिथि व्याख्याता श्री सूरज कुमार ने हिंदी के संबंध में अपना विचार दिया और हिंदी को वैश्विक भाषा बनाने पर जोर दिया। छात्र–छात्राओं ने कविता और भाषण द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का संदेश कविताओं के माध्यम से दिया। आभार व्यक्त अतिथि व्याख्याता श्री सूरज कुमार ने किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा किये।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास.महा.विद्या.पाण्डातराई
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

प्राचार्य
Govt. College Pandatarai
शास. महा. पाण्डातराई,
Distt.-Kabirdham (C.G.)
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)